# हमीरपुर में हजारों कार्यकर्ता करेंगे जेपी नड्डा का भव्य स्वागतः बलदेव शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**

मंगलवार को हमीरपुर के परिधि में जिला भाजपा के पदाधिकारियों की बैठक जिलाध्यक्ष बलदेव शर्मा की अध्यक्षता में हुई। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के 12 जून को जिला हमीरपुर के दौरे के दृष्टिगत रखी गई इस बैठक में पूर्व विधायक विजय अग्निहोत्री डॉ अनिल धीमान एवं कमलेश कुमारी और सुजानपुर के प्रत्याशी कैप्टन रणजीत सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के हमीरपुर आगमन पर नादौन से लेकर हमीरपुर तक उनका भव्य स्वागत करने का निर्णय इस बैठक में लिया गया। हमीरपुर जिला की सीमा रेखा पर नादौन में सर्वप्रथम जे पी नड्डा का स्वागत अभिनन्दन किया जाएगा। उसके उपरांत हमीरपुर के परिधिगृह में



अभिनन्दन समारोह रखा गया है। जिला भाजपा की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष के अभिनन्दन समारोह की रूपरेखा तय हमीरपुर परिधिगृह में हुई जिला भाजपा की बैठक की शुरूआत में ओडिशा ट्रेन हादसे में प्राण गंवाने वाले यात्रियों सहित पार्टी के कर्मठ कार्यकताओं संतोष जसवाल व राम गोपाल वर्मा के निधन पर दो मिनट का मौन रख उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की गई। तत्पश्चात जिला अध्यक्ष ने आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा करते हुए बताया कि पार्टी के देशव्यापी महाजनसंपर्क अभियान के तहत पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का हमीरपुर जिले का दौरा 12 जून को तय हुआ है। इसके दृष्टिगत जिला भाजपा ने नादौन से लेकर हमीरपुर तक जेपी नड्डा का भव्य स्वागत करने का निर्णय लिया है हजारों की संख्या में कार्यकर्ता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का हमीरपुर आगमन पर गर्म जोशी के साथ स्वागत अभिनंदन करेंगे। जिलाध्यक्ष ने बताया कि अभिनंदन समारोह से पहले 10 जून को केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर पार्टी के महा जनसंपर्क अभियान के तहत हमीरपुर में एक पत्रकार वार्ता को भी संबोधित करेंगे और मोदी सरकार के 9 वर्षों के कार्यकाल व उपलब्धियों भरे सफ र पर चर्चा करेंगे।

### जिला के पांचों मंडलों सहित मोर्चे प्रकोष्ठों की जिम्मेवारियां तय और तैयारियां शुरू

पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के अभिनंदन समारोह के दृष्टिगत जिला भाजपा ने व्यवस्था करने के लिए भिन्न-भिन्न कमेटियों का गठन किया और उन सभी कमेटियों की जिम्मेवारी अलग-अलग पदाधिकारियों व कार्यकताओं को सौंपी है। जिलाध्यक्ष ने व्यवस्था कमेटियों के सभी प्रमुखों को इस अभिनंदन समारोह की तैयारियों में जुट जाने के लिए कहा है। अभिनंदन समारोह में जिला भाजपा समेत पांचों मंडल व सभी मोर्चे व प्रकोष्ठ अपने अपनी जिम्मेवारी निभाएंगे।

## डीएवी पब्लिक स्कूल मनाली के छात्रों ने कराटे प्रतियोगिता में जीता गोल्ड

### 3 स्वर्ण पदकों सहित 4 रजत व चार कांस्य पदक जीते



**टीम एक्शन इंडिया/मनाली/राज अग्रवाल**

कराटे संघ हिमाचल प्रदेश की ओर से चंबा में आयोजित राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में डीएवी मनाली के 11 छात्रों ने भाग लिया था। इन सभी खिलाडियों ने अपने नाम कोई-न-कोई पदक करते हुए 3 स्वर्ण पदक डीएवी मनाली की झोली में डाले हैं। तीन स्वर्ण पदकों के साथ चार रजत पदक तथा चार कांस्य पदक हासिल करते हुए 11 पदकों पर कब्जा जमाया। कुमिते के विभिन्न आयु वर्गों में आयशा, कुमकुम, रुद्रांश ने स्वर्ण पदक, पालमो शेरपा, सानिया, अर्जुन सोनी ने रजत पदक, नीरज, प्रशांत, चान्य शर्मा तथा अंशुल ने कांस्य पदक हासिल किए।

यह सभी छात्र राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश का नेतृत्व करेंगे। प्रधानाचार्य आरएस राणा ने इन सभी विजयी प्रतिभागियों को पदक पहना कर सम्मानित किया। कराटे शिक्षक तथा छात्रों को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी।

## माउंट युनुम चोटी फतह करेंगे एनसीसी कैडेट्स

**टीम एक्शन इंडिया/अंगारिया/केलांग**

6111 मीटर ऊंचाई पर हिमाचल के लाहुल स्पीति में स्थित माउंट युनुम चोटी को फ तह करने के लिए देशभर से एनसीसी के कैडेट मनाली पहुंच गए है। एनसीसी की ओर से पर्वतारोहण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत 6111 मीटर ऊंची माऊंट युनुम चोटी को फतह किया जाएगा।

इस टीम मे 19 कैडेट्स भाग ले रहे हैं। जिनमे 11 लड़कियां शामिल है। इस टीम का नेतृत्व कर्नल अमित विष्ट सेना मैडल कर रहे हैं। अभियान के पहले पड़ाव मे यह कैडेट्स मनाली स्थित अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण संस्थान मे दस दिनों का विशेष



प्रशिक्षण लेंगे। अमित बिष्ट ने बताया कि इस टीम मे पांच अफ सर, 19 कैडेट्स और 14 स्टाफ शामिल हैं। 17 मई को इस टीम को रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने डीजी एनसीसी गुरवीर पाल सिंह की उपस्थिति मे हरि झंडी दिखाकर रवाना किया था। अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतरोहण संस्थान में प्रशिक्षण लेने के बाद यह टीम 15 जून को माउंट युनुम को फ तह करने के लिए रवाना होगी। ज्ञात रहे कि माउंट युनुम चोटी को फतेह करने के लिए ट्रेक भरतपुर से शुरू होता है मनाली से जिस्पा दारचा होते हुए बारालाचा दर्रा पार कर भरतपुर तक वाहन में पहुंचते हैं। भरतपुर से पैदल सफ र शुरू होता है। माउंट युनुम चोटी से चंद्रभागा रेंज और मुल्किला रेंज और जांस्कर तक के नजारे दिखाई देते हैं।

## बाढ़ और भूस्खलन के दृष्टिगत कुल्लू में पांच स्थानों पर होगी मेगा मॉकड्रिल

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

आपदा प्रबन्धन के तहत संभावित बाढ़ और भू-स्खलन पर कुल्लू जिला में 8 जून को पांच स्थानों पर मेगा मॉक ड्रिल का आयोजन किया जायेगा। इस मॉक ड्रिल में सभी सम्बन्धित विभाग अपने-अपने विभागों से सम्बन्धित राहत एवं बचाव कार्यों को अंजाम देंगे। जिला प्रशासन और जिला आपदा प्रबन्धन अथॉरिटी की ओर से आमजन से आग्रह किया गया है कि वे इस मॉक ड्रिल के दौरान न घबरायें। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी कुल्लू प्रशांत सरकैक ने यह जानकारी आज जिला में आयोजित किये जा रहे मेगा मॉक ड्रिल के सम्बन्ध में विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा आपदा के समय किये जाने वाले कार्यों की समीक्षा बैठक के अवसर पर दी।उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एवं प्रदेश आपदा प्रबन्धन अथॉरिटी के निदेर्शानुसार जिला में तीन चरणों में मेगा मॉक ड्रिल का आयोजन चल रहा है। मॉक ड्रिक का प्रथम चरण 30 मई को संपन्न हुआ जबकि द्वितीय चरण का टेबल टॉक एक्सरसाईज मॉक ड्रिल 6 जून और तीसरे चरण का फिजिकल मॉक ड्रिल 8 जून को आयोजित किया जाएगा। उन्होंने सभी अधिकारियों से आग्रह किया कि इस मेगा मॉक ड्रिल को गंभीरता पूर्वक लें क्योंकि यह महत्वपूर्ण कार्य है और इसका राज्य और केन्द्र स्तर पर मूल्यांकन किया जा रहा है।

## 14 ग्राम चिट्टा के साथ दो युवक गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/मनाली/राज अग्रवाल**

जिला पुलिस की ओर से नशा तस्करी को रोकने के लिए अभियान चलाया है। अभियान के तहत पतलीकूहल पुलिस टीम ने गश्त के दौरान एक वाहन नंबर सीएच 01सीके 9036 की तलाशी ली। तलाशी के दौरान वाहन में मौजूद दो युवकों के कब्जे से 14 ग्राम चिट्टा बरामद किया।

पुलिस ने दोनों आरोपितों को चिट्टे सहित गिरफ्तार कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। युवकों की पहचान पृथ्वी चंद (34) पुत्र थली राम निवासी गांव भरमेरा डाकघर कृराटी तहसील जोगिन्दर नग्गर जिला मण्ड़ी और नितीश कुमार (32) पुत्र सतीश



कुमार निवासी गांव व डाकघर भराड़ू तहसील जोगिन्द्र नग्गर जिला मण्डी के रूप में हुई है। एसपी कुल्लू साक्षी वर्मा ने बताया कि दोनों आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

## न्यूज फ्लैश

### हिमाचल प्रदेश में जल्द किसानों से दूध और गोबर खरीदेगी सरकार, कमेटी बनकर तैयार :चन्द्र कुमार



**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**

हिमाचल प्रदेश में सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार व्यवस्था परिवर्तन का नारा देकर कार्य कर रही है लेकिन विपक्ष भी लगातार सरकार को उनकी गारंटियों पर घेरने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव के दौरान मेनिफेस्टो में 10 गारंटियां दी थी जिनमे से किसानों से दूध और गोबर खरीद भी दी थी। सोलन दौरे के दौरान हिमाचल प्रदेश के कृषि मंत्री चौधरी चन्द्र कुमार ने इन बातों को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है कि कांग्रेस अपनी सभी गारंटियों को पूरा कर रही है। चन्द्र कुमार ने कहा कि जिस तरह से कांग्रेस ने कर्मचारियों को ओपीएस देने और महिलाओं को 1500 रुपए देने की गारंटी को पूरा किया है, उसी तर्ज पर किसानों से दूध और गोबर खरीद को लेकर भी गारंटी को लेकर पूरा किया जा रहा है, उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में हर परिवार से 10 लीटर दूध सरकार खरीदेगी, वहीं किसानों से गोबर खरीद को लेकर भी सरकार योजना तैयार कर रही है और इसके लिए कमेटी तैयार की गई है।चंद्र कुमार ने कहा कि 500 करोड रुपए हिमगंगा योजना के तहत हिमाचल प्रदेश में रखे गए हैं वहीं दफ्तर पर शराब तस्वीर गया गया है उनका के दूध की कमेटी बनकर तैयार हो चुकी है संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि से जल्द पूरा किया जाएएउन्होंने कहा कि कांग्रेस अपनी सभी गारंटियों को पूरा करने के लिए कार्य कर रही है और समय रहते सभी को पूरा भी किया जाएगा।

### अंब में एनएसएस कार्यकम अधिकारियों की हुई बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अंब में मंगलवार को एनएसएस की दो ब्लॉक अंब व गगरेट की एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर्स की एक मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक में डिप्टी डायरेक्टर हायर देवेंद्र चंदेल ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

## मिड-डे मील वर्कर्स का प्रतिनिधिमंडल शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से मिला

**टीम एक्शन इंडिया/हमीरपुर/विवेकानंद वशिष्ठ**

हिमाचल प्रदेश मिड डे मील वर्कर्स यूनियन (सबंधित सीटू) का प्रतिनिधिमंडल अपनी मांगों को लेकर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से मिला। मिड डे मील वर्कर्स की प्रमुख मांगों पर मंत्री महोदय से प्रतिनिधिमंडल द्वारा विस्तार से चर्चा की गयी। सीटू राज्य उपाध्यक्ष जगत राम, यूनियन प्रदेशाध्यक्ष इंद्र कुमार व महासचिव हिमी देवी ने कहा है कि सरकार द्वारा बजट में घोषित रू 4000 वेतन की अधिसूचना अभी तक लागू नहीं की गई है। इसे तुरंत लागू किया जाए। मिड डे मील वर्करज को प्रतिमाह पहली



तारीख को वेतन दिया जाए। हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा वर्ष 2019 में फैसला दिया था कि मिड डे मील वर्करज को 10 महीने के बजाए 12 महीने का वेतन दिया जाए। इस फैसले को पिछली भाजपा सरकार ने लागू नहीं किया। इस मांग पर मंत्री से विस्तार से चर्चा की गई। मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट द्वारा दिए गए फैसले की प्रतिलिपि उपलब्ध करवाने को कहा ताकि इस पर कोई ठोस निर्णय लिया जा सके। हिमाचल प्रदेश में बच्चों की कम संख्या वाले स्कूलों को बंद किया जा रहा है। उन स्कूलों के अन्य स्टाफ को दूसरे स्कूलों में नौकरी दी जाती है। सिर्फ मिड डे मील वर्कर को नौकरी से निकाल दिया जाता है। यूनियन ने मांग की है कि अन्य स्टाफ की तरह मिड डे मील वर्करज को भी दूसरे स्कूलों में नौकरी दी जाए। यदि डे मील का पद खाली नहीं है तो उन्हें मल्टीटास्क वर्क के रूप में अन्य स्कूलों में नौकरी दी जाए। मिड डे मील वर्करज को पूरे साल में एक भी छुट्टी नहीं दी जाती जिससे मिड डे मील वर्करज को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। यूनियन ने मांग की है कि आंगनवाड़ी कर्मियों की तर्ज पर मिड डे मील वर्करज को छुटियां दी जाएं। मिड डे मील वर्कर्स की नौकरी से संबंधित 25 बच्चों की शर्त के चलते प्रदेश में लगभग 8000 से ज्यादा कर्मियों को नौकरी से निकाला जा चुका है। यूनियन ने मांग की है की नौकरी से संबंधित 25 बच्चों की शर्त को हटाया जाए और प्रत्येक स्कूल में कम से कम दो वर्करज को नियुक्त किया जाए। मिड डे मील वर्कस के हेल्थ चेकअप के लिए अस्पताल तक आने जाने का किराया व टेस्टों पर आने वाले खर्च का भुगतान शिक्षा विभाग द्वारा किया जाए। शिक्षा मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि उनकी मांगों का जल्द समाधान किया जाएगा।

## आपदा प्रबंधन व बचाव विषय पर आयोजित किया टेबल टॉप अभ्यास

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

जिला मुख्यालय ऊना में आपदा प्रबंधन व बचाव के विषय में एक टेबल टॉप अभ्यास का आयोजन किया गया। हिमाचल प्रदेश आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा वर्चुअल माध्यम से आयोजित इस टेबल टॉप अभ्यास में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के आईआरटी से संबंधित सभी सदस्यों ने भाग लिया। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार की आपदाओं के दौरान राहत व बचाव कार्यों में इस्तेमाल होने वाली विभिन्न तकनीकों तथा योजनाओं के विषय में क्रमवार चर्चा की गई।

## कांता कॉलेज ने अमित पठानिया को सौंपा चेयरमैन का कार्यभार!

**फतेहपुर विजय समयाल**

कांता कॉलेज ऑफ एजुकेशन ने ठाकुर रुमाल सिंह मेमोरियल शैक्षिक सोसायटी चलवाड़ा द्वारा कांता कॉलेज के चेयरमैन ठाकुर कुलतार सिंह गोल्डी के अनुमोदन पर श्री अमित पठानिया सुपुत्र श्री हरनाम सिंह पठानिया को कांता कॉलेज ऑफ एजुकेशन (चलवाडा) व ठाकुर रुमाल सिंह मेमोरियल एजुकेशन सोसाइटी (चलवाड़ा) का नया चेयरमैन नियुक्त किया गया । इस उपलक्ष्य पर नव नियुक्त चेयरमैन श्री अमित पठानिया जी ने कहा कि कॉलेज के लिए कार्यरत प्रत्येक सदस्य



सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ कार्य करते हुए यह सुनिश्चित करें कि कॉलेज को नई ऊंचाइयों तक ले जाना है । हमें कॉलेज में ऐसी परिस्थितियों का निर्माण करना है जिसमें पढ़ने वाले प्रशिक्षु अध्यापकों का सवार्गीण विकास हो सके जिससे कि वह आदर्श अध्यापक बन कर एक सशक्त समाज का निर्माण कर सकें ।

अंत में श्री अमित पठानिया ने ठाकुर कुलतार सिंह गोल्डी तथा ठाकुर शुभकरण सिंह जी का आभार व्यक्त किया तथा कहा कि जिस प्रकार उन्होंने कॉलेज को उन्नति की राह पर आगे बढ़ाया है उसी दिशा कदम पर वह भी कार्यरत रहेंगे ।

## कॉरपोरेट घरानों को बढ़ाने और श्रमिक वर्ग को दबाने का सरकार द्वारा किया जा रहा प्रयासः भारद्वाज




**टीम एक्शन इंडिया/सोलन/मनीष**

मजदूरों और श्रमिको के हितों की रक्षा और उनको उनका हक दिलाने के लिए एटक लगातार कार्य कर रही है और इसी कड़ी में 10 को 11 सितंबर को सोलन में इसको लेकर राज्य स्तरीय सम्मेलन एटक आयोजित करने वाली है। एटक के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश भारद्वाज ने कहा कि बीते दिनों लखनऊ में एक राष्ट्रीय स्तर का सम्मेलन आयोजित हुआ था जिसमें इस बात की ओर ध्यान दिया गया है कि खाद्यान्न वस्तुओं के लगातार दाम बढ़ते जा रहे हैं जो कि श्रमिक और मजदूर वर्ग की पहुंच से बाहर होते जा रहे हैं ऐसे में यह उनके साथ अन्याय है वहीं दूसरी तरफ सरकार कॉपोर्रेट घरानों को लगातार बढ़ावा दे रही है उनके कर्ज माफ किए जा रहे हैं और उन्हें लोन भी दिया जा रहा है। वहीं आर्थिक स्थिति का जो बोझ मेहनतकश लोगों पर डाला जा रहा है वह गलत है सरकारी योजनाओं में भी 10 से 30 प्रतिशत की कटौती की गई है इन सभी बातों को लेकर सितंबर में होने वाले इस सम्मेलन में चर्चा की जाएगी, उन्होंने कहा कि जिस तरह सरकार कॉरपोरेट घरानों को बढ़ावा दे रही है और मजदूर श्रमिक वर्ग को दबाने का प्रयास कर रही है वह गलत है। इस सम्मेलन में सभी संगठनों को आमंत्रित किया जाएगा जो श्रमिक और मजदूर वर्ग के हक के लिए लड़ाई लड़ते हैं और इसमें सरकार के कुछ लोगों को भी बुलाया जाएगा क्योंकि हिमाचल प्रदेश में सरकार कांग्रेस की है, जगदीश भारद्वाज ने कहा कि सम्मेलन के माध्यम से भी यदि बात नहीं बनती है तो आने वाले समय में जो राष्ट्रीय स्तर से श्रमिक और मजदूरों के हितों के लिए आह्वान होगा उसी तर्ज पर हिमाचल में भी आंदोलन और सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे।

## कांग्रेस केवल दोषारोपण की राजनीति कर रही है :भाजपा

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला/चमन शर्मा**

भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप और राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार ने एक संयुक्त बयान में कहा की कांग्रेस के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री एवं मंत्री केंद्र में केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात करते हैं, उनको गुलदस्ते देते हैं और दंडवत प्रणाम करते हैं। साथ ही हिमाचल से जुड़े कई प्रोजेक्ट्स की डीपीआर केंद्रीय मंत्रियों को सौंपते हैं, जिनके ऊपर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की केंद्र सरकार तुरंत प्रभाव से काम करती है और हिमाचल प्रदेश को उन सभी कामों के लिए पैसा प्रदान करती है।पर यह कैसी विडंबना है जब कांग्रेस पार्टी



के समस्त नेतागण हिमाचल आते हैं तो केवल मात्र केंद्र सरकार को कोसने का काम करते हैं, यही कांग्रेस नेता केंद्र की सरकार और मंत्रियों के साथ दोषारोपण की राजनीति करते हैं। आज से 6 दिन पहले जब मुख्यमंत्री केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव से मिले और उनको हिमाचल प्रदेश से जुड़े मुद्दों के बारे में अवगत करवाया।अगर पिछले कुछ दिनों की बात करें तो मुख्यमंत्री केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मिले और केंद्रीय ऊर्जा मंत्री राजकुमार सिंह से भी मिले।प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री जब भी दिल्ली जाते हैं तो अनेकों मंत्रियों से मिलते हैं, इसमें कुछ समय पहले वह केंद्र मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से भी मिले थे और उनको भी योजनाओं से अवगत करवाया था और उनके लिए बजट भी मांगा था। अपने क्षेत्र की एक योजना के लिए 340 करोड़ उपमुख्यमंत्री द्वारा मांगे गए थे।ऐसे अनेकों उदाहरण है कि कौन-कौन,कब-कब और किस-किस केंद्र मंत्री से मिला। आज तक जो पैसा केंद्र ने हिमाचल प्रदेश को दिया उसके लिए वर्तमान हिमाचल सरकार ने कभी भी केंद्र सरकार का धन्यवाद नहीं किया, केवल मात्र केंद्र सरकार को लेकर दोषारोपण की राजनीति की।उन्होंने कहा हिमाचल प्रदेश में प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के तहत हिमाचल प्रदेश में सडकों का जंजाल खड़ा हुआ है और हाल ही में केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश को प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के अंतर्गत सडकों के बेहतर रखरखाव के लिए 37.76 करोड़ की वित्तीय प्रोत्साहन अनुदान राशि जारी सारी की है।उन्होंने कहा कि हम वर्तमान कांग्रेस सरकार से यह पूछना चाहते हैं कि जो 10 गरंतियां कांग्रेस सरकार ने दी थी वह कहां गई, आज भी हिमाचल प्रदेश का बेरोजगार युवा अपनी नौकरियों का इंतजार कर रहा है।

आपने कहा था कि हिमाचल प्रदेश के 5 लाख युवाओं को नौकरी देंगे, सालाना 1 लाख युवाओं को नौकरी देंगे एकहां है यह नौकरियां/कांग्रेस सरकार ने कहा था कि 22 लाख बहनों को 1500 प्रति माह देंगे, पर कहां है यह 1500 रुपए/जिन महिलाओं की यह लोग बात कर रहे हैं कि हम 1500 दे रहे हैं उनको हिमाचल सरकार ने जयराम ठाकुर के शासनकाल में ही 1350 रुपए देने शुरू कर दिए थे, आपने तो केवल मात्र 150 रू बढ़ाने का काम ही किया है।

## अंतराष्ट्रीय फैशन वीक में बंगाणा के अंकुश ने किया भारत का प्रतिनिधित्व

टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी

दिल्ली में आयोजित अंतराष्ट्रीय फैशन वीक में जिला ऊना के उपमंडल बंगाणा के अंकुश ने भारत का प्रतिनिधित्व किया है। अंतराष्ट्रीय फैशन वीक में विश्व भर से 10 से ज्यादा देशों ने अपने अपने कल्चर और ब्रांड्स को दुनिया के सामने दिखाया। वहीं भारत की ओर से भी दो ब्रांड ने भारतीय फैशन को रिप्रेजेंट किया। जिसमे हिमाचल के बंगाणा के रहने वाले अंकुश ब्रजाता ने अपने ब्रांड दिवा से भारतीय साड़ियों को दुनिया के सामने प्रदर्शित किया।

# प्रदेश के किसानों के लिए वरदान साबित होगा इथेनॉल प्लांट: मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**




मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के सतत प्रयासों के फलस्वरूप केंद्र सरकार ने जिला ऊना में हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड एचपीसीएल द्वारा इथेनॉल संयंत्र स्थापित करने की स्वीकृति प्रदान की है। यह प्लांट 500 करोड़ रुपये की लागत से 30 एकड़ भूमि पर स्थापित किया जाएगा। इथेनॉल उत्पादन के लिए चावलए गन्ना और मक्का का इस्तेमाल प्रमुखता से किया जाता है। इसलिए यह योजना क्षेत्र के किसानों की आर्थिकी को सुदृढ़ करने में मददगार साबित होगी।इस संयंत्र के लिए कच्चा माल जिला कांगड़ा, हमीरपुर, बिलासपुर और ऊना से खरीदा जाएगा। इसके अलावा यह संयंत्र कांगड़ा, हमीरपुर, बिलासपुर और प्रदेश के अन्य हिस्सों के स्थानीय लोगों और किसानों को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्रदान करेगा। इस संयंत्र के स्थापित होने से क्षेत्र के लगभग 300 लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। यह परियोजना राज्य में तीव्र गति से विकास सुनिश्चित करेगी और प्रदेश को जीएसटी के रूप में सरकारी खजाने के लिए 20 से 25 करोड़ रुपये का वार्षिक राजस्व अर्जित होगा। राज्य सरकार ने परियोजना में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी इक्विटी निवेश करने पर सहमति व्यक्त की है। सरकार संयंत्र की स्थापना के लिए कम्पनी को पूर्ण सहयोग प्रदान करेगी।,

जिला प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं कि संयंत्र के निर्माण में आ रही सभी बाधाओं का शीघ्र निवारण किया जाए। भंजल से सम्पर्क सडक के लिए 10 दिनों के भीतर भूमि अधिग्रहण कार्य शुरू करने को कहा गया है। इथेनॉल एक पारदर्शी और रंगहीन तरल है। इसे इथाइल अल्कोहल, ग्रेन अल्कोहल के रूप में भी जाना जाता है। यह स्टार्च या चीनी-आधारित फ ीड स्टाक मक्की के दाने, गन्ना, फ सल के अनुपयोगी पदार्थों जैसे सेल्यूलोसिक फ ीड स्टाक से उत्पादित किया जाता है। अनाज के कच्चे माल से उत्पन्न होने वाले इथेनॉल को पेट्रोल और डीजल में मिलाया जाता है। यह वाहनों से निकलने वाले प्रदूषण को कम करने में मदद करेगा जिससे राज्य में पर्यावरण संरक्षण को मदद भी मिलेगी।

# गर्दन पर चाकू से वार कर महिला की हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**



जिला मंडी के पंडोंह में 9 मील के पास एक महिला को किसी ने चाकू से गर्दन पर वार कर मौत के घाट उतार दिया है। पंडोह चौकी की टीम ने महिला के शव को कब्जे में लेकर आगामी कार्यवाही शुरू कर दी है। मृतक महिला कौन और कहां की रहने वाली थी, अभी तक इसका खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार बीते रोज दोपहर को पंडोह चौकी की टीम को सूचना मिली कि 9 मील मील के पास पहाड़ी के उपर बास्ता गांव की ओर किसी महिला की लाश पड़ी हुई है। यह लाश मंडी पंडोह फ ोरलेन पर स्थित जागर पंचायत के गांव बास्ता में, फ ोरलेन से करीब 400 मीटर ऊपर पहाड़ी की तरफ एकांत पगडंडी के किनारे झाडि?ों में पड़ी हुई थी। इस रास्ते पर कम ही लोगों का आना जाना है, गांव की एक महिला को यह लाश पड़ी हुई दिखाई दी। महिला ने तुरंत इसकी सूचना पंचायत प्रधान को दी। इसके उपरांत पंचायत प्रधान ने घटना की सूचना पंडोह चौकी की टीम को दी। ग्रामीण महिला ने अनुसार वह इस रास्ते से अपने बच्चों को छोड? व उन्हें घर लाने के लिए जाती है। सोमवार सुबह जब वह अपने बच्चों को स्कूल छोड? गई तो वहां पर यह लाश नहीं थी लेकिन जब वह दोपहर को बच्चों को घर लेकर आ रही थी तो उसे झाडि?ों में यह लाश दिखी। सूचना मिलते ही पंडोह चौकी की टीम मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लिया। पुलिस टीम ने मौके पर पाया कि महिला के गर्दन पर चाकू से गोदने के निशान हैं। पुलिस के अनुसार महिला की हत्या सुबह करीब 9 बजे लेकर दोपहर 12 के बीच हुई है। फि लहाल पुलिस की शक की सुई फ ोरलेन निर्माण कार्य में लगे मजदूरों की ओर घूम रही है। पुलिस ने फोरलेन निर्माण कार्य में लगी कंपनी के अधिकारियों से सभी मजदूरों का विवरण मांगा है। वहीं पुलिस ने उन मजदूरों का भी विवरण मांगा है जो एक.दो दिन से काम पर नहीं आ रहे है।

मंगलवार को एफ एसएल की टीम ने मौके पर पहुंचकर आप से जुटाए हैं। वहीं नेरचौक मेडिकल कॉलेज में सबका पोस्टमार्टम कराया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर चंद्र ने मामले की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टि में मृतक महिला प्रवासी मूल व जिसकी उम्र 30 से 40 के बीच प्रतीत हो रही है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही सही तथ्य सामने आएंगे।

## न्यूज फ्लैश

### स्ट्रीट लाइट काटने पर भडके लोग

### भाजपा नेता का ऐलान अगर 7 दिन के अंदर बहाली ना हुई तो होगी बड़ी कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**

चंबा उपमंडल के तहत ग्राम पंचायत उटीप में पड? वाले गांव बनियाग मैं विद्युत विभाग द्वारा स्ट्रीट लाइट काटने को लेकर ग्राम वासी लामबंद हो गए तथा प्रदेश भाजपा सचिव जय सिंह की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल सहायक अभियंता विद्युत से मिला तथा उन्हें इस संदर्भ में ज्ञापन दिया गया। इस मौके भाजपा प्रदेश सचिव जय सिंह ने वर्तमान कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाया कि अनुसूचित जाति बहुल गांव में स्ट्रीट लाइट काटकर गरीब अनुसूचित जाति तथा दलित वर्ग से भेदभाव किया है। जय सिंह के अनुसार जब प्रदेश के मुख्यमंत्री ने शपथ ली थी तथा अपनी 10 गारंटीओं में बिजली 300 यूनिट मुफ्त देने की घोषणा भी की थी मगर बिजली मुफ्त देना तो दूर की बात रही विद्युत दरों में बढ़ोतरी हो गई इसी के साथ ही बनियाग गांव की स्ट्रीट लाइट भी काट दी गई यह कहां का इंसाफ है। उन्होंने कहा कि जब इसका कारण जानना चाहा तो कारण यह बताया गया है कि विद्युत विभाग को बिल अदा नहीं हुआ है जयसिंह ने सवाल किया है कि क्या स्ट्रीट लाइट के बिल का भुगतान उस गांव के लोग करेंगे। उन्होंने साफ शब्दों में सरकार तथा विभाग को चेतावनी दे डाली है कि अगर 7 दिनों के भीतर विद्युत सप्लाई बहाल नहीं हुई तो वह इन गरीबों के साथ मिलकर स्थानीय कांग्रेस के नेता के घर को जाने वाली स्ट्रीट लाइट को काट देंगे जिसके लिए सरकार तथा विभाग जिम्मेदार होगा। व्यवस्था बदलने की बात कहने वाले मुख्यमंत्री क्या इस प्रकार से व्यवस्था बदल रहे हैं।

### फि ल्मी अंदाज में दिया चोरियों को अंजाम, अब पहुंचे सलाखों के पीछे

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**

मंडी जिला के औट थाना के तहत चोरी की हुई कार के साथ तीन नशेड़ी युवकों ने एक ही रात में 5 चोरियों को अंजाम दिया है। इन नशेड़ी युवकों ने पहले पार्किंग में खड़ी कार को चुराया फि र उसके बाद ऑट क्षेत्र में 4 दुकानों के ताले तोड़े और विभिन्न चोरियों को अंजाम दिया। साथ ही नशेड़ी युवकों ने सडक किनारे खड़ी गाड़ी का टायर भी चुरा लिया। पुलिस ने चोरी की इस वारदात में शामिल तीन युवकों में से एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है वहीं इनके द्वारा चोरी किए हुए अधिकतम सामान को डंपिंग साइट से रिकवर कर लिया है। इन नशेड़ी युवकों ने इस चोरी किए हुए सारे सामान को सब्जी मंडी की डंपिंग साइट में छुपा के रखा था ताकि किसी को भी चोरी की भनक ना लगे। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार एक ही रात में विभिन्न चोरी की वारदातों का यह मामला 4 व 5 जून की रात है। इन नशेड़ी युवकों ने फि ल्मी अंदाज में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था कि इनके ऊपर कोई भी शक ना हो। पहले इन नशेड़ी युवकों ने 4 जून की रात को मंडी शहर में पार्किंग में खड़ी कार को चुराया। इसके बाद यह सभी नशेड़ी युवक कार को लेकर ऑट पहुंच गए। ऑट में इन नशेड़ी युवकों ने पहले होलसेल की गाड़ी से 15 से 20 पेटियां रिफ इंड तेल की चुराई। इसके बाद इन नशेड़ी युवकों ने टकोली में शराब के ठेके का ताला तोड़ा। जहां से इन्होंने शराब की 6 पेटियां चुराई। चोरी की इन दो वारदातों को अंजाम देने के बाद इन नशेड़ी युवकों ने पनारसा में करियाना की दुकान में अपना हाथ साफ किया। वही इसके उपरांत इन युवकों ने मोबाइल रिपेयर की दुकान से कई उपकरण चुराए। मंडी वापस लौटते हुए फि र इन नशेड़ी युवकों ने सडक किनारे खड़ी महिंद्रा गाड़ी के दो टायर खोल दिए और 1 टायर चूरा लिया। जिसके बाद यह सभी युवक गाड़ी लेकर मंडी शहर पहुंचे और सब्जी मंडी डंपिंग साइट में चोरी किया हुआ सारा सामान को यहां छुपा दिया। इसके उपरांत इन नशेड़ी युवकों ने चोरी की वारदात में इस्तेमाल की गई कार को वही पार्किंग में खड़ा कर दिया जहां से लेकर गए थे ताकि इन युवकों पर ना कार मालिक को शक हो और ना ही पुलिस इन तक पहुंच सके। 5 जून को ऑट थाना में चोरी की इन वारदातों की शिकायत मिली तो सीसीटीवी फु टेज के आधार पर इन युवकों की तलाश शुरू की।

# सभी प्रवासी कामगारों व आगन्तुकों की पहचान की पुष्टि व रिकॉर्ड रखना अनिवार्य

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

जिला दंडाधिकारी कुल्लू आशुतोष गर्ग द्वारा आदेश पारित किए गए हैं कि कोई भी नियोक्ता, ठेकेदार अथवा व्यापारी किसी भी प्रवासी श्रमिक को छोटे कार्यों, सेवाओं अथवा ठेके के कार्यों में तब तक नहीं लगाएगा जब तक की उनके पहचान से संबंधित पुष्टि पासपोर्ट साइज की फ ोटो के साथ संबंधित क्षेत्र के एसएचओ से नहीं करवाई जाती। आदेश में कहा गया है कि सभी मकानमालिकों द्वारा अपने किरायेदारों से संबंधित सूचना नजदीकी पुलिस स्टेशन में देना सुनिश्चित किया जाए।

पारित आदेशानुसार सभी होटल, होमस्टे, गेस्ट हाउस मालिकों को अनिवार्य रूप से अपने आगंतुकों तथा अतिथियों की पहचान से संबंधित दस्तावेज जैसे कि आधार कार्ड, एपिक कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट, मोबाइल नंबर इत्यादि अपने रिकॉर्ड में रखने होंगे। आदेश की अवहेलना करना दंडनीय अपराध होगा।

# कन्या स्कूल नाहन में बाल अधिकारों के बारे में किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**



जिला बाल संरक्षण इकाई सिरमौर के सौजन्य से गवर्नमेंट प्राइमरी कन्या स्कूल नाहन सिरमौर में एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य नन्हें बच्चों को उनके बाल अधिकारों के प्रति जागरूक करवाना था स कार्यक्रम की शुरूआत बच्चों को गुडटच व बेड टच पर प्रसारित कोमल लघु फिल्म के माध्यम से की गई। जिसमे बच्चों को गुड टच और बैड टच पर छोटे बच्चे कैसे फ र्क समझे इस पर संरक्षण अधिकारी गैर संस्थागत पीओ एनआईसी संतोष कुमारी ने बच्चों को सरल रूप से विस्तार पूर्वक समझाया और बाल श्रम अधिनियम 1986 बाल विवाह 2006 पर भी बच्चों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी स इसके बाद जिला बाल संरक्षण इकाई से काउंसलर प्रवीन अख्तर ने बच्चों को नशा खोरी पर संपूर्ण जानकारी दी व बच्चों से नशा न करने का वादा भी लिया। संतोष कुमारी व प्रवीण अख्तर ने बच्चों को बाल श्रम एक्ट 1986 व बाल विवाह एक्ट 2006 और नशा खोरी पर तैयार की गई कविताओं का भी उच्चारण करवाया स इसके बाद कार्यक्रम के अंत में जिला बाल संरक्षण अधिकारी रमा रेटका ने सभी बच्चों को उचित जानकारी दी गई।

पाठशाला में बच्चों के द्वारा पर्यावरण के उपलक्ष पर चित्रकला का भी आयोजन किया गया जिसमें नन्हें बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया स इस शिविर में जिला बाल संरक्षण की टीम के साथ पाठशाला के मुख्याध्यापक नरेंद्र मोहिल व अन्य अध्यापक गण सहित कुल 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

# विश्व पर्यावरण दिवस पर किया पौधारोपण

**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**



भारत की अग्रणी जलविद्युत कंपनी, एनएचपीसी लिमिटेड ने 5 मिशन लाइफ के तहत बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन की थीम के अंतर्गत अपने निगम मुख्यालय, क्षेत्रीय कार्यालयों, पावर स्टेशनों, परियोजनाओं और इकाइयों में बड़े उत्साह के साथ विश्व पर्यावरण दिवस मनाया।

इस अवसर पर एनएचपीसी निगम मुख्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें आरपी गोयल, निदेशक (वित्त),एनएचपीसी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। पौधारोपण कार्यक्रम के उपरांत निदेशक (वित्त) ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण के लिए विश्व पर्यावरण दिवस की शपथ भी दिलाई। इसके साथ ही एनएचपीसी के कर्मचारियों के बीच पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूकता फैलाने के लिए एक वॉकथॉन का भी आयोजन किया गया।

# अंबेडकर युवा मंडल ने किया पौधरोपण

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**

अंबेडकर युवा मंडल लठियाणी द्वारा मंगलवार को पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य पौधरोपण किया गया। युवा मंडल के स्वयंसेवियों ने शमशान घाट, मंदिर व सडक के किनारे साफ-सफाई कर पौधे रोपित किए। क्लब के प्रधान नीरज बंगा ने बताया कि पौधरोपण करने का मुख्य उद्देश्य प्रकृति की रक्षा करना है तथा प्रर्यावरण को सुरक्षित रखना हैं। नीरज बंगा व क्लब के अन्य सदस्यों ने लोगों को अपने घरों व आस-पास की सफाई का ध्यान रखने के लिए कहा।

# जिले के महिला मंडलो द्वारा पर्यावरण दिवस पर निभायी गई सक्रिय भूमिका



**टीम एक्शन इंडिया/कुल्लू/श्याम कुल्वी**

नेहरू युवा केंद्र कुल्लू युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा कुल्लू जिले में युवा मण्डल, महिला मंडल, स्वयं सहायता समूह के सहयोग से विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया। विश्व पर्यावरण दिवस पर जहां महिला मण्डल कसोल, धनलक्ष्मी स्वयं सहायता समूह बटाला आनी,महिला मंडल गाहर, महिला मंडल चौकी, नव दुर्गा महिला मण्डल जल्लुग्रां-दो के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम करके स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया वही नेहरू युवक मंडल चनाहिड़ी द्वारा सभी जनमानस से अपील कि गई की वे अपने पशुओ को सडक पर ऐसे खुला आवारा न छोड़ा करे जिससे वो दुर्घटना के शिकार हो जाएँ।साथ ही जय भृगु ऋ षि युवक मण्डल द्वारा पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली गई। महिला मंडल कसोल, महिला मंडल चौकी, महिला मंडल गाहर द्वारा पौधारोपण कर प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। वहीं धनलक्ष्मी स्वयं सहायता समूह बटाला आनी के द्वारा प्राकृतिक जल स्त्रोतो के संरक्षण का संदेश बाबड़ी की साफ -सफ ाई करके दिया गया एवं नव दुर्गा महिला मण्डल जल्लुग्रां-दो के द्वारा गाँव में रैली निकालकर एवं स्लोगन के माध्यम से पर्यावरण दिवस बनाया गया। लक्ष्मीनारायण महिला मंडल रैला की महिलाओं ने अपने आस-पड़ोस को स्वच्छ रखने के उद्देश्य से आज अपने परिसर में पड? वाले पानी के टैंक के आस-पास एवं पंचायत घर रैला और गांव के रास्तों की साफ सफाई की, वहीं स्वयं सहायता समूह कराना आनी द्वारा भी गाँव में स्वच्छता अभियान आयोजन किया गया।

# डीएवी पब्लिक स्कूल ने मनाया पर्यावरण दिवस व कबीर जयंती

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**



डीएवी पब्लिक स्कूल चंबा में सोमवार को पर्यावरण दिवस तथा कबीर जयंती का आयोजन हर्ष उल्लास के साथ किया गय।इस मौके पर स्कूल के बच्चों तथा अध्यापकों ने पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर इस दिवस को प्लास्टिक निषेध दिवस के रूप में प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर स्कूल में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। पर्यावरण जागरूकता अभियान के तहत स्कूल में एक रैली का आयोजन भी किया गया। इस मौके पर विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें प्रश्नोत्तरी तथा नारा लेखन सम्मिलित रहे। प्रश्नोत्तरी में अक्षिता, हृदयांश तथा नितिन प्रथम स्थान पर रहे जबकि जूलिया, योशिता तथा मेधज शर्मा दूसरे स्थान पर तथा हर्ष, अग्रिम तथा शिवांक तीसरे स्थान पर रहे। नारा लेखन में निवेदिता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि प्राची दूसरे स्थान पर तथा अनिका चौणां तीसरे स्थान पर रही। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं तथा अध्यापकों द्वारा पौधरोपण भी किया गया। दूसरी ओर कबीर जयंती के उपलक्ष में भी विभिन्न गतिविधियां हुई जिनमें विद्यार्थियों द्वारा दोहा गायन दोहा लेखन तथा कबीर जी के बारे छात्र-छात्राओं द्वारा अपने अपने विचार प्रस्तुत किए गए। प्रधानाचार्य अशोक गुलेरिया ने सभी विद्यार्थियों को पर्यावरण के बारे जागरूक करते हुए प्लास्टिक को न अपनाने तथा पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया।

# सिरमौर प्रैस क्लब हर माह एक पंचायत में लोगों की समस्याएं करेंगे उजागर

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**



सिरमौर प्रेस क्लब की एक साधारण बैठक मंगलवार को आयोजित की गई। इस दौरान 10 बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता क्लब के अध्यक्ष शैलेंद्र कालरा ने की। महासचिव सतीश शर्मा ने बैठक के एजेंडे को पेश किया। क्लब ने सर्व सम्मति से सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया।बैठक में ष्सिरमौर प्रेस क्लब जनता के द्वारष् अनूठा कार्यक्रम शुरू करने का निर्णय लिया। इसमें क्लब के सदस्य हर माह एक पंचायत में पहुंचेगे ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार की योजनाओं के साथ-साथ समस्याओं को भी उजागर किया जाएगा। कार्यक्रम का व्यय क्लब के सदस्य द्वारा निजी तौर पर वहन किया जाएगा।क्लब के प्रवक्ता सूरत पुंडीर ने बताया की कार्यक्रम की शुरूआत जल्द ही रिमोट इलाके की दूरस्थ पंचायत से की जाएगी। ये निर्णय हुआ कि क्लब द्वारा खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा।इसके अलावा रक्तदान शिविर, पौधारोपण कार्यक्रम की रूपरेखा भी बनाई जाएगी। साथ ही ये भी निर्णय हुआ है कि शहरी क्षेत्र में गरीबी रेखा से नीचे रह रहे ऐसे परिवारों की इम्दाद की जाएगी, जो सरकारी योजनाओं के पात्र होने के बावजूद भी उपेक्षित हैं। क्लब के एक सदस्य ने सुझाव रखा था कि अलग-अलग कारणों के चलते कुछ गरीब परिवार सरकार की योजनाओं का लाभ नहीं ले पाते।बैठक में निष्क्रिय सदस्यों की सदस्यता को लेकर चेतावनी जारी करने का भी निर्णय हुआ है।

बैठक में क्लब के निमार्णाधीन अतिरिक्त भवन की समीक्षा भी की गईए साथ ही ये भी निर्णय हुआ कि सांसद सुरेश कश्यप द्वारा उपलब्ध करवाई गई 5 लाख रुपए की राशि को खर्च करने का मामला उपायुक्त से उठाया जाएगा। एसोसिएट सदस्यों की संख्या बढ़ाने व आई कार्ड जारी करने पर भी सर्व सम्मति से फैसला लिया गया। क्लब की फंड रेजिंग को लेकर भी चर्चा की गई।

इस अवसर पर क्लब के कोषाध्यक्ष देवेंद्र वर्मा द्वारा बैठक में क्लब की वित्तीय स्थिति का लेखा.जोखा प्रस्तुत किया गया। सौहार्दपूर्ण व दोस्ताना माहौल में आयोजित बैठक में क्लब में वरिष्ठता को लेकर भी मापदंड तय किया गया। बैठक में क्लब के करीब दो दर्जन से अधिक सदस्य मौजूद रहे। क्लब के सदस्यों द्वारा वार्षिक सदस्यता को भी कोषाध्यक्ष के पास जमा करवाया गया।

# मिड-डे मील यूनियन ने शिक्षामंत्री को सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**



हिमाचल प्रदेश मिड डे मील वर्कर्स यूनियन का प्रतिनिधिमंडल अपनी मांगों को लेकर पिछले कल शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर को से मिला। यूनियन के राज्य अध्यक्ष इंद्र सिंह मंडी जिला में मिड डे मील यूनियन प्रभारी गुरुदास वर्मा व सीटू जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने बताया कि यूनियन ने मंत्री से मांग कि है की कांग्रेस सरकार द्वारा इस साल के बजट में जो पांच सौ रुपये की वेतन बृद्धि कि है उसकी अधिसूचना अभी तक जारी नहीं कि गई है जिसे तुरंत जारी किया जाए। वर्करों को प्रतिमाह पहले सप्ताह में वेतन दिया जाए तथा हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा वर्ष 2 को 10 महीने के बजाए 12 महीने का वेतन दिया जाए जिसे पिछली भाजपा सरकार ने लागू नहीं किया था। शिक्षा मंत्री ने यूनियन प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया की वे इस मांग को जल्दी पूरा करेंगे। यूनियन ने प्रदेश में बच्चों की कम संख्या वाले स्कूलों को बंद हो स्कूलों के वर्करों को विभाग में ही अन्य स्टाफ की तर्ज पर एडजस्ट किया जाये और.उन्हें नौकरी से न निकाला जाये और मिड डे मील वर्करों को मल्टीटास्क वर्कर या किसी अन्य पोस्ट में अन्य स्कूलों में नौकरी दी जाए।यूनियन ने मंत्री को बताया कि मिड डे मील वर्कर को पूरे साल में जरूरी काम पड? पर एक भी छुट्टी नहीं दी जाती है जिससे मिड डे मील वर्कर को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

# सभी विधानसभा क्षेत्रों को स्वच्छ पेयजल का खाका तैयार : मुकेश अग्निहोत्री

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि प्रदेश की सभी विधानसभा क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने का खाका जल शक्ति विभाग द्वारा तैयार कर लिया गया है। जल्द इसे सार्वजनिक कर इस पर पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जाएगा ताकि आने वाले दो सालों में हर घर तक स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके। उपमुख्यमंत्री विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर रेणुका जी विधानसभा क्षेत्र के बोगधार मेले में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित हुए। इस दौरान



उन्होंने उक्त बात कही।उन्होंने विधानसभा क्षेत्र में आवश्यकता अनुरूप तीन बस अड्डे निर्मित करने का आश्वासन दिया। इसके अलावा विभिन्न स्थानों के लिए बंद की गई बस सेवा बहाल करने और नए रूटों पर बस चलाने की बात कही। उन्होंने स्थानीय विधायक एवं लोगों को विश्वास दिलाया कि रेणुका जी विधानसभा क्षेत्र से संबंधित कार्यों और लोगों की मांगों को प्राथमिकता दी जाएगी। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि चूड़धार रोपवे को प्राथमिकता सूची में शामिल किया गया है। उन्होंने प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री वाईएस परमार के योगदान को भी इस दौरान याद किया। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में जल शक्ति विभाग के तहत 200 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं।

### जून माह में रोहतांग सहित मनाली की ऊंची चोटियों पर हो रहा है हिमपात

# रोहतांग दर्रे पर 15 से 20 फूट बर्फ मौजूद

**टीम एक्शन इंडिया/मनाली/राज अग्रवाल**
पर्यटन नगरी मनाली के ताज कहे जाने वाले रोहतांग दर्रे सहित मनाली की ऊंची चोटियों में मौसम के के बिगड़े मिजाज के चलते प्रतिदिन ताजा हिमपात हो रहा है वहीं पर मनाली और समूची उझी घाटी में बारिश से मौसम सुहावना हो गया है। 80 के दशक के बाद रोहतांग में प्रतिदिन ताजा हिमपात हो रहा है और मनाली सहित समूची उझी घाटी में वारिश होने से मौसम सुहावना हो गया है यही कारण है सैलानी मनाली के सुहावने मौसम का आनंद ले रहे हैं। कई दशकों के बाद पर्यटक को रोहतांग दर्रे में पूरा वर्ष भर बर्फ का आनंद लेने का मोका मिलेगा जबकि लाहौल के सिसू में बर्फ देखने को नहीं मिल रही है जिसके



चलते पर्यटकों का रुख पहली पसंद रोहतांग दर्रे का किया है। सीमा सडक संगठन के कमांडर बी एस बचियाल ने बताया की कई वर्षों के बाद इस वर्ष रोहतांग पास पर बहुत अधिक बर्फ हुई है और इन दिनों भी प्रतिदिन ताजा बर्फ बारी हो रही है।

उन्होंने बताया कि रोहतांग दर्रे पर 15 से 20 फू ट तक बर्फ है और लगता ही कि पर्यटक पूरा वर्ष भर रोहतांग दर्रे पर बर्फ के दीदार कर सकेंगे बचियाल ने कहा कि बीआरओ द्वारा रोहतांग दर्रे पर सडक मार्ग सिगल लेन ट्रैफि क के लिए खोल दिया है और रोड को खुला करने के लिए बर्फ हटाने का काम युद्ध सतर पर जारी है और अगर मिशन अनुकूल रहा तो आने वाले दिनों में जल्द ही यातायात के लिए बहाल कर दिया जाएगा।

## बौल स्कूल में करवाया गया योग

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
राजकीय प्राथमिक केन्द्र पाठशाला बौल में आयुष विभाग की तरफ से मंगलवार को योग करवाया गया। केंद्र मुख्य शिक्षक सुभाष सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि आयुष विभाग की ओर से विजय राम ने बच्चों को सुबह भिन्न भिन्न आसन करवाए तथा बच्चों को महत्वपूर्ण जानकारियां दी।

इस अवसर पर विजय पटियाल, गुरदीप कौर, सुमना देवी सोनू, रितु,आशा देवी, अनु बाला, अजय कुमार, कांता देवी, निर्मला देवी, नरेश कांता व अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# मयाढ़ घाटी के ग्रामीणों को जल्द मिलेगी चकाचक सड़क की सुविधा

**8 विधायक रवि ठाकुर ने कहा कि पूर्व की भाजपा सरकार में कुछ क्षेत्र में सडक का गलत तरीके निर्माण किया गया है**

**टीम एक्शन इंडिया/केलांग/अंगारिया**
लाहुल के गांव गांव में पहुंच ग्रामीणों की समस्याओं को सुन उनका मौके पर समाधान कर रहे। विधायक रवि ठाकुर ने मंगलवार को मयाढ़ घाटी का एक बार फि र दौरा किया है। इस दौरान उन्होंने कहा कि मयाढ़ घाटी को जिला मुख्यालय से जोड़ने वाली मुख्य सडक की री-अलाइनमेंट की जाएगी, ताकि फसलों के सीजन के दौरान असानी से किसानों की



फसलें सब्जी मंडी तक पहुंच सकें। विधायक रवि ठाकुर ने कहा कि पूर्व की भाजपा सरकार में कुछ क्षेत्र में सडक का गलत तरीके निर्माण किया गया है, जबकि सडक की कागजों में अलाइनमेंट कुछ और बताई गई है। ऐसे में जहां सडक काफी स्थलों पर तंग है, वहीं आढे तिरछे मोड़ व चढ़ाई अधिक होने के कारण किसानों की फ सलों को मंडी पहुंचाने वाले बड़े वाहन रास्ते में ही फंस जाते है, जिसकी कीमत घाटी के किसानों को चुकानी पढ़ती है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में मयाढ़ घाटी की सडक जहां चकाचक होगी, वहीं इस सडक को ट्रैफि क जाम मुक्त बनाने के लिए रि अलाइनमेंट करवाने के भी आदेश उन्होंने संबंधित विभाग को दिए है। विधायक रवि ठाकुर ने कहा कि इसके अलावा खंजर गांव व इस क्षेत्र से आगे के लिए एक वैकल्पिक मार्ग का निर्माण भी लेफ्ट साइड से किया जाएगा जिससे ग्रामीणों को काफी फायदा होगा। विधायक रवि ठाकुर ने कहा है कि इसके अलावा क्षेत्र के भूमिहीन व जरूरतमंद परिवारों को जल्दी जमीन के पट्टे बांटे जाएंगे जिसे लेकर प्रशासन को निर्देश दे दिए गए हैं। प्रशासन ने पट्टे बांटने को लेकर अपनी तैयारियां भी शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2012 में जब वे सत्ता में थे और कांग्रेस की सरकार प्रदेश में थी तो उसमें भी उन्होंने सबसे ज्यादा पट्टे जनजातीय जिला लाहौल स्पीति में बैठे थे। मंगलवार को विधायक रवि ठाकुर ने मयाढ़ घाटी के तमलू, चांगुट, छालिंग, उढगोश, तिंग्रेट व खंजर गांव का दौरा कर ग्रामीणों की दिक्कतों को सुना और अधिकतर का मौके पर ही समाधान भी किया। इस दौरान विधायक रवि ठाकुर ने विभिन्न स्थानों पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि उनका यह प्रयास है कि वे ग्रामीणों की समस्याओं को उनके घर द्वार पर पहुंचकर ही हल करें इसी कड़ी में उन्होंने यह अभियान शुरू किया है और पिछले 1 माह से लाहुल के गांव गांव में पहुंच कर वे ग्रामीणों की दिक्कतों को सुन रहे हैं और उनका मौके पर समाधान करने का प्रयास कर रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### शैल लुब्रिकेंट्स ने भारत के मैकेनिक समुदाय को सशक्त बनाने के लिए लॉन्च किया सपने होंगे अपने

**पालमपुर:** फिनिश्ड लुब्रिकेंट्स के क्षेत्र में दुनिया की दिग्गज शैल ने मैकेनिक समुदाय के लिए सपने होंगे अपने पहल शुरू करने की घोषणा की है जो उनके सपनों और आकांक्षाओं को पूरा करने में मदद पहुंचाएगी।इस पहल को शैल लुब्रिकेंट्स इंडिया द्वारा हाल में कराए एक आंतरिक सर्वे का भी समर्थन हासिल है जिससे यह खुलासा हुआ था कि अधिकांश मैकेनिक्स किसी ब्रैंड के साथ जुड़ाव के लिए कई भावनात्मक पहलुओं जैसे कि आमदनी, वर्कशॉप अपग्रेड,परिवार बच्चों की पढ़ाई और घर परिवार की जरूरतें ,पहचान, मान्यता और हुनर कौशल हासिल करना से प्रेरित होते हैं। वे इन क्षेत्रों में ब्रैंड से सार्थक सहयोग की अपेक्षा रखते हैं।शैल शेयर ?प से जुड़े 80000 से अधिक मैकेनिक्स तक पहुंचने का इरादा रखने वाली पहल सपने होंगे अपने भारत में मैकेनिक्सि को वित्तीय रूप से सशक्त बनाते हुए उनके सपनों को पूरा करने तथा भविष्य मजबूत बनाने में मदद करेगी। अमित घुघरे,ऑटोमोटिव सेल्स एंड मार्केटिंग मैनेजर,शैल लुब्रिकेंट्स इंडिया ने कहा शैल में हमने पिछले कुछ वर्षों के दौरान भारत के मैकेनिक समुदाय को सहयोग देने तथा सशक्तं बनाने के प्रयास किए हैं।ये हर सफर को कामयाब बनाने के लिए अपने गहन अनुभवों, अपरिहार्य जानकारी और जबर्दस्त कार्य मूल्यों के चलते शैल के भरोसेमंद पार्टनर हैं।सपने होंगे अपने उनके प्रयासों के प्रति हमारी सराहना है और हमें उम्मीद है कि यह उन्हें और उनके परिवारों को जी.भरकर सपने देखने के लिए प्रेरित करेंगे। शैल लुब्रिकेंट्स इंडिया ने सपने होंगे अपने पहल के पहले विजेता की घोषणा की है। धर्मशाला के नितिन सूद का कहना है मै पिछले 6.7 वर्षों से शैल लुब्रिकेंट्स से जुड़ा हूं और मुझे उनकी टीम ने ही इस पहल से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। मैं अपने ग्राहकों की संख्या में बढ़ोतरी और अपनी दुकान में विस्तार कर अपनी आमदनी बढ़ाने का सपना देखता हूं। यह शैल लुब्रिकेंट्स इंडिया द्वारा ट्रेड कम्युनिटी के लिए किए जा रहे प्रयासों की कड़ी में विस्तांर है और उन्हें अपने हुनर बढ़ाने तथा अपनी वर्कशॉप अपग्रेड करने के साथ.साथ उनके जीवन में मूल्यरवर्धन करने का अवसर लेकर आयी है।



### सीग्राम के रॉयल स्टैग ने रणवीर सिंह के साथ नया कैंपेन लिव इट लार्ज शुरू किया

**शिमला:** सीग्राम का रॉयल स्टैग हमेशा से ही सपनों को नए पंख लगाने, उन्हें पूरा करने और बिंदास जिंदगी जीने की भावना मिसाल रहा है। यह साल बेहद खास है क्योंकि ब्रांड नए लिव इट लार्ज कैंपन के लांच के साथ एक महा बदलाव की यात्रा पर है। यह कैंपेन आज की जनरेशन की भावना और नजरिये को दर्शाता है यह जनरेशन विशाल है जो कामयाबी के रास्तो की नई परिभाषा गढ़ने का प्रयास करती है।इस प्रभावशाली कैंपेन में आपको बॉलीवुड के पावर हाउस सुपर स्टार रणवीर सिंह नजर आएंगे जो आज न केवल देश से सबसे बड़े स्टार्स में से एक हैं बल्कि अपनी जनरेशन के बेस्ट एक्टर्स में भी उनका नाम लिया जाता है। इस फिल्म में आपको अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खिलाड़ी जैसे कि सूर्यकुमार यादव और एबी डीविलियर्स भी नजर आएंगे। इस नए कैंपेन से ब्रांड एक बड़ी जनरेशन की आवाज को मजबूत करना चाहता है ये वो जनरेशन है जो ट्रेंड बनाती है और इन्हे इन्नोवेटर के रूप में देखा जाता है। कैंपेन ब्रांड को ऐसे युवा दर्शकों से जुडने की दिशा में कदम उठाने में मदद करता है जो सामाजिक बदलाव और रोमांच की इच्छा रखते हैं।नया कैंपेन ब्रांड के तीन महत्वपूर्ण सिद्धांतों को सुगमता से मिलाता है,जनरेशन लार्ज फिलासफी,लिव इट लार्ज जेस्चर,जनरेशन लार्ज का वास्तविक परंपरा और गोल्डन स्टैग ब्रांड आइकनोग्राफी।लिव इट लार्ज जेस्चर इस बात का प्रतिबिंब है कि बड़े पैमाने पर जनरेशन अपनी जिंदगी के हल पल को बिंदास जीती है और उसे खास बनाती है यह आज के डिजिटल दर्शकों का नेचुरल जेस्चर भी है। कैंपेन को प्रभाशाली तरीके से टीवी,डिजिटल,प्रिंट और ओओएच सहित सभी प्रमुख प्लेटफ्रॉम पर चलाया जाएगा। पर्नोड रिकार्ड इंडिया के सीएमओ कार्तिक मोहिंद्रा ने नए ब्रांड कैंपेन के लॉन्च पर कहा रॉयल स्टैग हमेशा से युवाओं के बीच लोकप्रिय ब्रांड रहा है जो हमें जिंदगी को बिंदास तरीके से जीने के लिए प्रेरित करता है। हमारा नया कैंपेन आज की जनरेशन की भावना को दर्शाता है जो पीछे हटना नहीं जानती,आत्म विश्वास से भरी है।




# विद्यार्थियों में सामाजिक चेतना विकसित करें शिक्षक एवं अभिभावकः कुलदीप सिंह पठानिया



**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**
शिक्षा देने का उद्देश्य तभी सार्थक होगा जब विद्यार्थियों में समाजिक चेतना विकसित होगी। इसलिए शिक्षकों और अभिभावकों को विद्यार्थियों में समाजिक चेतना विकसित करने का कार्य प्रमुखता से करना चाहिए।विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रायपुर के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह (आरोहण) में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए बोल रहे थे। विधानसभा अध्यक्ष ने शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि शिक्षा जीवन में सफलता का आधार होती है। उन्होंने अध्यापकों से आह्वान किया कि वे बच्चों को गुणात्मक शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी भाग लेने के लिए प्रेरित करें ताकि उनका सवार्गीण विकास हो सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के कुशल नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की और अग्रसर है और प्रदेश अन्य राज्यों के लिए एक आदर्श के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी काल में अनुशासनए परिश्रम की आदत बनानी चाहिये ताकि इसका लम्बे समय तक लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि सभी बच्चों को अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए तथा उसी के आधार पर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यालय शिक्षकों और विद्यार्थियों के समूह बना कर स्वच्छता, प्लास्टिक मुक्त भारत और पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर कार्य करें। उन्होंने कहा कि पर्यावरण प्रदूषण से वातावरण में काफी बदलाव आ रहे हैं यह एक चिंता का विषय है और हम सभी को मिलकर पर्यावरण संरक्षण में अपनी भूमिका अदा करनी होगी।

## इंडस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी में योग दिवस आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/ऊना/राजन पुरी**
आयुष विभाग ऊना द्वारा इंडस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी बाथू में मंगलवार को कैंपस में योग कार्यक्रम का आयोजन किया। योग शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में विभाग डॉक्टर नीरज पुनर ने शिरकत की। इस मौके पर उप कुलपति डा. संजय कुमार बहल और रजिस्ट्रार डा. पलविंदर कुमार ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। जिला आयुष अधिकारी आंनदी शैली ने बताया कि योग सत्र सुबह 9 बजे भावपूर्ण योग प्रार्थना के साथ शुरू किया गया। योग सत्र के दौरान ध्यान, ताड़ासन, उत्तानासन, बृजासन, वृक्षासन, अर्धचंद्रासन, मकरासन, उष्ट्रासन, प्राणायाम, पवन मुक्तासन, भ्रामरी प्राणायाम, शवासन आसन करवाए।

# परवाणू में हुई विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के प्रखंडों की साझा बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/परवाणू/विमल ग्रोवर**
परवाणू में विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल की एक सांझा बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता विभाग सेवा प्रमुख विश्व हिंदू परिषद मनोज कुमार शर्मा ने की। बैठक में युवाओं को संगठन से जोड? पर बल दिया गया, साथ ही प्रस्तावित कई कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तैयार की गई। इस दौरान नगर अध्यक्ष चमन गोयल, प्रखंड मंत्री मोहन सिंह, नगर संयोजक ताराचंद, सेवा प्रमुख कृष्ण कुमार सहित साहिल, रूपेश, सुरेंद्र, विनोद, दिनेश सहित



उपस्थित रहे। इस दौरान विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल की साझा बैठक को सफल बनाने के लिए सभी प्रखंडों का जिला मंत्री बलवंत सिंह भट्टी विश्व हिंदू परिषद ने आभार व्यक्त किया।

# प्राईमरी स्कूल खुंड़ की जर्जर इमारत दे रही हादसे को न्यौता

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/खेमचंद शास्त्री**
प्रारंभिक शिक्षा खंड द्रंग द्वितीय के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक पाठशाला खुंड़ स्थित कोटरोपी का पुराना जर्जर भवन हादसे को न्यौता दे रहा है। पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके भवन को असुरक्षित घोषित करने को लेकर स्कूल प्रशासन और खंड शिक्षा कार्यलय द्वारा तमाम औपचारिकताएं पूरी कर एसडीएम कार्यलय को पत्राचार किया गया है। बावजूद इसके कोई सकारात्मक कार्रवाई अमल में नही लाई जा रही है। जिस वजह से स्कूल प्रबंधन समिति में भी खासा आक्रोश है। एसएमसी प्रधान ने किशन चंद ने बताया कि



जर्जर हो चुके भवन के स्लेट और पत्थर आदि गिरना शुरू हो गए हैं। जिस कारण कभी भी कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती है। ऐसे में अभिभावक भी स्कूली नौनिहालों की सुरक्षा को लेकर चिंता में हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में स्कूल में 42 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। बीते शुक्रवार को अचानक मौसम खराब होने बाद तेज तूफान चलने से जर्जर भवन की छत से आधा दर्जन से अधिक स्लेट गिर गए। गनीमत रही कि नौनिहाल उस समय मिड डे मील का भोजन कर रहे थे। अन्यथा कोई अनहोनी हो सकती थी। उन्होंने कहा कि खतरे को देखते हुए विद्यार्थियों का यहां खेलना कूदना भी बंद हो गया है।

स्कूल के मुख्याध्यापक रमेश कुमार ने बताया कि भवन को अनसेफ करने बारे दस्तावेज तैयार कर एसडीएम कार्यालय को पत्राचार किया गया है। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नही हो पाई है। एसएमसी प्रधान किशन चंद ने उपमंडल प्रशासन से जर्जर भवन जायजा लेकर अनसेफ घोषित करने की गुहार लगाई है।

# पंचायती राज संस्थाओं को बनाया जा रहा है स्वावलम्बीः कुलदीप सिंह पठानिया

**टीम एक्शन इंडिया/चंबा/हामिद**
विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि प्रदेश सरकार पंचायती राज संस्थाओं को स्वावलम्बी, स्वायत्त तथा सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। पंचायती राज संस्थाओं को अनेक वित्तीय शक्तियां प्रदान की गई हैं। राज्य में पंचायती राज संस्थाओं का कम्पयूट्रीकरण कर इन संस्थाओं में आवश्यक कर्मचारियों की उपलब्धता सुनिश्चित बनाई जा रही है। विधानसभा अध्यक्ष मंगलवार को भटियात विस क्षेत्र की ग्राम पंचायत जंद्रोग में 18 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले पंचायत भवन का शिलान्यास करने के उपरान्त बोल रहे थे। पठानिया ने कहा कि



पंचायतें प्रशासनिक व्यवस्था में महत्वपूर्ण कड़ी हैं। प्रदेश सरकार पंचायती राज व्यवस्था को ओर अधिक मजबूत बनाने की दिशा में प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि पंचायतों को कई प्रकार की शक्तियां प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि पंचायतों के पास जहाँ पंचायत में कानून व्यवस्था बनाने की अहम जिम्मेवारी रहती है वहीं गांव-गांव सरकार की योजनाओं का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन भी किया जाता है और लोगों तक सरकार की नीतियों तथा कार्यक्रमों का लाभ पहुंचता है। उन्होंने कहा कि पंचायतें अपने क्षेत्र में न्यायालय की भूमिका में होती हैं जहाँ पंच परमेश्वर गांव के विवादों का पूर्ण दक्षता से निपटारा करते हैं।उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में विकास के नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भटियात विस क्षेत्र विकास की दृष्टि से मॉडल क्षेत्र के रूप में विकसित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार ने लोगों के विश्वास को आधार बनाकर प्रदेश में संवेदनशीलता से विकास को आगे बढ़ाया है।इस दौरान ग्राम पंचायत प्रधान श्रेष्ठा देवी तथा एसटी सेल के सचिव सुरेंद्र कुमार ने मुख्य अतिथि को सम्मानित किया। इस अवसर पर निदेशक हिमाचल प्रदेश स्टेट कोऑपरेटिव बैंक राम सिंह चम्ब्याल, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कृष्णचंद चेला, नगर परिषद उपाध्यक्ष सुरिन्दर चाडक, सहित आदि मौजूद रहे।

# काम भाजपा ने किया और श्रेय कांग्रेस लेने लगी है : चौधरी सुखराम

**टीम एक्शन इंडिया/नाहन/एसपी जैरथ**
पावंटा साहिब में आयोजित हुई पत्रकारवार्ता में पूर्व ऊर्जा मंत्री और विधायक चौधरी सुखराम ने बांगरण पुल को लेकर कहा कि जिस पुल की रिपेयर के लिए उन्होंने एक करोड़ से अधिक का बजट पास करवाया उसका झूठा श्रेय लेने के लिए मंत्री ने शुभारम्भ किया है। उन्होंने कहा कि इस पुल की जब शिकायत सामने आई थी तो उन्होंने विशेष तौर पर दिल्ली की एक ब्रिज रिपेयर कंपनी से बातचीत की। उन्होंने इसका निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान



सामने आया कि इसका एक शुरूआती पिलर पूरी तरह से डैमेज हो चुका है जिसके बाद इसके लिए एक करोड़ रुपए से अधिक का बजट पास करवाया गया और इस पुल की रिपेयर का काम शुरू करवाया गया। उन्होंने कहा कि आज कुछ लोग इसकी रिपेयर करवाने का श्रेय खुद लेना चाहते हैं। चाहे वहां धरना प्रदर्शन हो या फिर मंत्री द्वारा इसका शुभारंभ लेकिन सच यह है कि हमने इस पुल की रिपेयर के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी ए क्योंकि यही पुल है जो दर्जनों पंचायतों के सैकड़ों हजारों लोगों को हर रोज पांवटा साहिब के साथ जोड़ता है। उन्होंने कहा की हर आये दिन वहाँ पर कोई न कोई कांग्रेसी नेता पहुंचकर अपनी ज्ञान की झड़ी लगाता था और कमियां गिनवाता रहता था। इस मौके पर बीडीसी चेयरमैन और मीडिया प्रभारी रोहित चौधरी उपस्थित रहे।

